Brainbox learn easy

भारत - हिंदुस्तान - India - भारत दक्षिण एशिया में स्थित भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा देश है। भारत भौगोलिक दृष्टि से विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा देश है, जबकि जनसंख्या के दृष्टिकोण से चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश है। भारत के पश्चिम में पाकिस्तान, उत्तर-पूर्व में चीन, नेपाल और भूटान, पूर्व में बांग्लादेश और म्यान्मार स्थित हैं। हिन्द महासागर में इसके दक्षिण पश्चिम में मालदीव, दक्षिण में श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व में इंडोनेशिया से भारत की सामुद्रिक सीमा लगती है। इसके उत्तर में हिमालय पर्वत तथा दक्षिण में हिन्द महासागर स्थित है। दक्षिण-पूर्व में बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में अरब सागर है।

हिंदू - हिंदू -Hindu -हिन्दू धर्म (संस्कृत: धर्म) एक धर्म या जीवन पद्धति है जिसके अनुयायी अधिकांशतः भारत]नेपाल और मॉरिशस में बहुमत में हैं। इसके अलावा सूरीनाम] फिजी इत्यादि। इसे विश्व का प्राचीनतम धर्म माना जाता है। इसे वैदिक सनातन वर्णाश्रम धर्म भी कहते हैं जिसका अर्थ है कि इसकी उत्पत्ति मानव की उत्पत्ति से भी पहले से है।

मुस्लिम - मुसलमान - Muslim इस्लाम दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। 2010 के एक अध्ययन के अनुसार जनवरी 2011 में जारी किया गया था] इस्लाम के पास 1.6 अरब अनुयायी हैं] जो विश्व की आबादी का 23 हिस्सा बनाता हैं। अधिकांश मुस्लिम दो संप्रदायों में हैं: सुन्नी (80-90%, करीब 1.5 अरब लोग) या शिया (20-30%, लगभग 340-510 मिलियन लोग)।

सिक्ख - Sikhism - सिक्ख धर्म आज एक व्यापक रूप से फैला हुआ धर्म है और दुनिया भर में इसके लगभग 23 मिलियन अनुयायी हैं। सिक्खो के लिए शास्त्रों के दो मुख्य स्रोत गुरु ग्रंथ साहिब और दशम ग्रंथ हैं। गुरु ग्रंथ साहिब को आदि ग्रंथ भी कहा जाता है क्योंकि यह गुरु अर्जन देव द्वारा लिखित ग्रंथों का पहला खंड था।

ईसाई - ईसाई धर्म-संबंधी - Christian ईसाई धर्म (मसीही या क्रिश्चियन) एक इब्राहीमी धर्म है जो प्राचीन यहूदी परंपरा से निकला है। अन्य इब्राहीमी धर्मों के सामान यह भी एक एकेश्वरवादी धर्म है। ईसाई परंपरा के अनुसार इसकी शुरूआत प्रथम सदी ई- में फलिस्तीन में हुई] जिसके अनुयायी 'ईसाई' कहलाते हैं।

आँखों - नेत्र - Eyes आँख या नेत्र जीवधारियों का वह अंग है जो प्रकाश के प्रति संवेदनशील है। यह प्रकाश को संसूचित करके उसे तंत्रिका कोशिकाओ द्वारा विद्युत रासायनिक संवेदों में बदल देता है। नेत्र यह तेजस्वी होते है।

तारा - सितारा - Star सूर्य भी एक तारा है जो धरती के ज्यादा नजदीक होने की बजय से बाकी सितारों से बड़ा दिखाई देता है। तारे कई प्रकार के रंगों में होते हैं परन्तु तारों का रंग उसके टेम्परेचर पर निर्भर करता है। ठंडे तारों का रंग लाल होता है और ज्यादा गर्म तारों का रंग नीला होता है। सूर्य सबसे छोटा तारा है ।

शिखरों - चोटी - Peak- एवरेस्ट पर्वत (नेपाली: सगरमाथा, संस्कृत: देवगिरि) दुनिया का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है, जिसकी ऊँचाई 8,848.८६ मीटर है। सन् ८ डिसेम्बेर २०२० तक जिसकी ऊँचाई 8,848 मीटर मानिया था। यह हिमालय का हिस्सा है।

नदियों - स्रोत - River नदी प्रकृति द्वारा विकसित एवं लगातार परिमार्जित मार्ग पर बहते पानी की अविरल धारा ही नदी है। बरसात उसे जन्म देती है। वह सामान्यतः ग्लेशियर] पहाड़ अथवा झरने से निकलकर सागर अथवा झील में समा जाती है। जिस इलाके का सारा पानी नदी तंत्र को मिलता है] वह इलाका जल निकास घाटी (वाटरशेड) कहलाता है।

सोने - सुवर्ण - Gold स्वर्ण प्राय: मुक्त अवस्था में पाया जाता है। यह उत्तम गुण का तत्व है जिसके कारण से उसके यौगिक प्राय अस्थायी ही होते हैं। आग्नेय (igneous) चट्टानों में यह बहुत सूक्ष्म मात्रा में वितरित रहता है परंतु समय के साथ क्वार्ट्ज नलिकाओं (quartz veins) में इसकी मात्रा में वृद्धि हो गई है।

चांदी - चांदी - Silver चाँदी एक चमकीली व बहुमूल्य धातु है। इसका परमाणु क्रमांक 47 व परमाणु द्रव्यमान 107.9 है यह एक तन्य धातु है]अतः इसका उपयोग तार व आभूषण बनाने में होता है। इसका परमाण्विक इलेक्ट्रोन विन्यास है। चाँदी सर्वाधिक विद्युतचालक व ऊष्माचालक धातु है।

हीरे - हीरे - Diamond- हीरा रासायनिक तौर पर बहुत निष्क्रिय होता है एव सभी घोलकों में अघुलनशील होता है। इसका आपेक्षिक घनत्व ३.५१ होता है। काले हीरे का उपयोग काँच काटने] हीरे पर पालिश करने तथा चट्टानों में छेद करने के लिए किया जाता है। दुनिया का सबसे बड़ा हीरा कलिनन हीरा (Cullinan Diamond) है जो 3106 कैरेट का है।

फसलों - उपज - Crops- मनुष्यों द्वारा अपने उपभोग के लिये कृषि क्षेत्र में एक निश्चित कार्यक्रम एवं योजनाबद्ध उपायों द्वारा उगाये गये अन्न] चारा] फल अथवा फूल आदि के पौधों के समूह को फसल (crop in hindi) कहा जाता है । प्राचीन काल से ही मनुष्य अपने भोजन के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से फसल के उत्पादन पर ही निर्भर रहा है ।

धरती - भूमि - Earth- पृथ्वी एक ग्रह है जिसे विश्व (The World) भी कहा जाता है। यह दूरी के आधार पर सूर्य से तीसरा ग्रह है। यह एक ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन पाया जाता है। इसकी सतह का 71% भाग जल से तथा 29% भाग भूमि से ढका हुआ है।

Brainbox
learn easy